संक्षिप्त

अवेहलना करने पर होगी कार्यवाही

फुलेरा । नगर पालिका मण्डल फुलेरा ने स्थानीय क्षेत्र वासियों से केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत स्थानीय नगर पालिका को नम्बर 1 पर लाने हेतु समस्त नगर वासियों से अपील की गई है कि क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर कचरा ना डाले और ना ही खुले में शौच करे। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर ना थूके। वहीं आगे कहा कि व्यवसायिक एवं आवासीय क्षेत्र वाले नागरिक हरे डस्टबिन में गीला कचरा एवं नीले डस्टबिन में सूखा कचरा डाले। उपरोक्त जानकारी देते हुए पालिका के सहायक लेखाधिकारी एवं कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि यदि आमजन उक्त अपीलों की अवेहलना करता हुआ पाया जाता है तो पालिका प्रशासन द्वारा उनके विरुद्ध चालान कर नियमानुसार राशि वसूल की जाकर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

जिला अध्यक्ष का स्वागत

मनोहरपुर । जयपुर जिला देहात उत्तर से जिला अध्यक्ष बनने पर सुरेश सैनी को युवा मोर्चा के जिला संयोजक महेन्द्र कसाना के नेतृत्व में नव नियुक्त जिला अध्यक्ष का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया और गोविंद देव की फोटो भेंट कर बधाई दी। साथ में पधारे पूर्व मंडल अध्यक्ष मामराज मंडल अध्यक्ष विकास मंडल अध्यक्ष प्रमोद किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सरदार सत्यनारायण पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र सैनी युवा मोर्चा के मेरे साथी हेमराज सैनी सीमा सैनी पूर्व मंडल अध्यक्ष राम प्रकाश नाई मंडल महामंत्री प्रहलाद गुर्जर नंदलाल राकेश यादव आदि संख्या में सभी साथी उपस्थित थे।ओर वही साथ रात्रि भोज किया जयपुर ग्रामीण सैंसद राव राजेंद्र सिंह विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड मदन राठौड बहुत-बहुत आभार जताया।

नवीन संकाय खोलने की घोषणा

मनोहरपुर । शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मनीष यादव ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के विकास के प्रत्येक मुद्दे को मैंने विधानसभा के प्रथम सत्र से ही लगातार उठाने का प्रयास किया है। आज बजट घोषणा 2025-26 में भेजी गई डिमांड में से शाहपुरा क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रोडवेज बस स्टैंड, महाविद्यालयो में नवीन संकाय खोलने की घोषणा हुई।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

आम सूचना सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य भगवान सहाय पुत्र प्रभुदयाल निवासी सी-12, घाटगेट अमृतपुरी, जनता कॉलोनी, आगरा रोड, जयपुर ने अपने भूखण्ड वाके जलमहल के सामने पैट्रोल पम्प के पास आमेर रोड, जयपुर के बावत जो विक्रय पत्र इकरारनामा (1) आशीष कुमार जैन पुत्र प्रकाश चन्द जैन (2) गंगासिंह पुत्र श्री माधोसिंह शेखावत एवं (3) रमेश कुमार पुत्र हनुमान प्रसाद के साथ किया था वो निरस्त हो चुका है। अब उक्त सम्पति का मालिक एकमात्र मेरा अभिभाष्य ही है। उक्त भूखण्ड बावत जो भी व्यक्ति इन तीनो से कोई भी संव्यवहार / लेने-देन करेगा वह अपनी हानि का स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे अभिभाष्य की कोई जिम्मेदारी नही होगी।
अखिलेश मिश्रा, एडवोकेट, मो.नं.-9829430150

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-6558 दिनांक-18/02/2025
जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 34/CS-3/20 (एरिया 4,000 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री कपिल मोतियानी पुत्र श्री हरीश कुमार मोतियानी एवं श्रीमती रजनी मोतियानी पत्नी श्री हरीश कुमार मोतियानी को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 14722 दिनांक 13.02.2014 को जारी किया गया। श्री कपिल मोतियानी एवं श्रीमती रजनी मोतियानी के पक्ष में उक्त व्यावसायिक भूखण्ड के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 26.03.2014 को उप पंजीयक सांगानेर-द्वितीय, जयपुर के यहाँ पंजीकृत करवाये गये। श्री कपिल मोतियानी एवं श्रीमती रजनी मोतियानी द्वारा उक्त व्यावसायिक भूखण्ड को दिनांक 24.05.2018 के द्वारा 1. श्रीमती करिश्मा मोटवानी पुत्री श्री रवि कुमार मोटवानी पत्नी श्री रवि तेजवानी 2. श्री रवि तेजवानी पुत्र श्री महेश कुमार को विक्रय कर उप पंजीयक जयपुर-नवम् के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। 1. श्रीमती करिश्मा मोटवानी 2. श्री रवि तेजवानी द्वारा उक्त व्यावसायिक भूखण्ड को दिनांक 21.10.2024 के द्वारा श्री विनोद चौधरी पुत्र श्री जय नारायण चौधरी को विक्रय कर उप पंजीयक सांगानेर प्रथम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। अतः उक्त व्यावसायिक भूखण्ड के हस्तान्तरण बावत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री विनोद चौधरी पुत्र श्री जय नारायण चौधरी का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

प्ररूप-5 (नियम 6(2) देखिए
कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर पालिका मण्डल जोबनेर जयपुर
सं. 2432 लोक सूचना दि.19/2/25
श्रीमती सुशीला देवी कोठारी पत्नी श्री विजय सिंह कोठारी, निवासी- जोबनेर हाल निवासी-कोलकाता ने नीचे वर्णित भूमि में के अपने अधिकार संस्थानिक के प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगर पालिका पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।अर्थात

जिले सहित नगर का नाम	ग्राम का नाम	खसरा नम्बर	क्षेत्रफल
माच्छरखानी-जोबनेर जिला- जयपुर	राजस्व ग्राम माच्छरखानी, तहसील-जोबनेर	1559	4858.11 वर्गमीटर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 19.2.25 को जारी की गयी।
प्राधिकारी अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी), नगरपालिका जोबनेर

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिशन बुनियाद के तहत दिया प्रशिक्षण

पावटा। महिला एवं बाल विकास विभाग पावटा के तत्वावधान में मिशन बुनियाद कार्यक्रम के तहत रॉकेट लर्निंग संस्था के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रारंभिक व्यवस्था शिक्षा के महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार करना है। जिससे बच्चों के समठा विकास में मदद मिलेगी । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को बाल विकास परियोजना अधिकारी संगीता यादव के सहयोग से आयोजित कराया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी संगीता यादव ने बताया कि जिला कलेक्टर कल्पना अठावाल के निर्देश पर आंगनबाड़ी केंद्र पर पूर्व प्राथमिक शिक्षा की गतिविधियों को प्रभावी और सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं में कौशल संवर्द्धन किए जाने के उद्देश्य से रॉकेट लर्निंग संस्था के साथ 'मिशन बुनियाद' कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। रॉकेट लर्निंग संस्था के माध्यम से जिला समन्वयक भगवान सहाय सैनी ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को ऑनलाइन शिक्षण के साथ-साथ सेक्टर पर ऑफलाइन प्रशिक्षण भी प्रदान किया। प्रशिक्षण में जिन बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया गया उनमें प्रारंभिक बाल व्यवस्था, शिक्षा का महत्व, भाषा विकास, संज्ञानात्मक विकास, शारीरिक विकास, सामाजिक-भावनात्मक विकास व बच्चों के जीवन में खेल का महत्व, बढ़ती उम्र के साथ-साथ बच्चों में अच्छी आदतों को विकसित करना और इसके प्रभावित तरीकों पर जोर देना आदि रहे। आंगनवाड़ी कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सामने आने वाली चुनौती और समाधान पर चर्चा की गई ।

- आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में कौशल संवर्द्धन किए जाने के उद्देश्य से रॉकेट लर्निंग संस्था के साथ 'मिशन बुनियाद' कार्यक्रम की शुरुआत की - संगीता यादव

पावटा में आगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शिक्षा कार्यक्रम में प्रशिक्षण दिया।

सड़कों के लिए रुपये मंजूर

चाकसू। कचरा निस्तारण डिपो व चाकसू सड़के के लिए 70 करोड़ 50 लाख मंजूर किए गये है। जिसमें चाकसू से भादडवास तक, -2 से थली करेडा खुर्द ,सदारामपुरा देवकिशनपुरा तीतरिया तक पुराना टोंक रोड से वाया आजमनगर कल्याणपुरा करेडा खुर्द तक सड़क चौडाई करण एवं सुदृढ़ीकरण पदमपुरा से खाजलपुरा तक रोड सुदृढ़ीकरण) चाकसू से फागी रोड सुदृढ़ीकरण सेक्टर रोड - बालावाला लाखना से चंदलाई वाया वाटिका सेक्टर रोड 50 करोड़ चाकसू - गुलर बांध (सांगानेर) से चंदलाई फीडर की दोनों तरफ का निर्माण तथा इसके वेस्ट वियर व बांध की पाल की मरम्मत एवं जीणोद्धार जंगल सफाई का कार्य - 23 करोड़ के विकास कार्यों की घोषणा हुई है। विधानसभा क्षेत्र चाकसू को विभिन्न ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण विकास कार्य की सौगात देने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी का हार्दिक आभार जताया। इस दौरान एडवोकेट अमित बाहेती अर्जुन सिंह राजावत एवं सरपंच संघ अध्यक्ष कन्हैयालाल बागड़ा आमजन सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

'जप करने में है अनमोल शक्ति'

देवली । शहर के पटेल नगर में स्थित शिवालय मंदिर में सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा में बुधवार को तृतीय दिवस की कथा प्रसंग में परम पूज्य गुरुदेव कृष्ण बिहारी जी महाराज ने अजामिल उपाख्यान में बताया कि जप नाम से अजामिल जैसे पापी भी भगवान के चरणों के अनुरागी बनते है। प्रहलाद चरित्र ,समुद्र मंथन ,वामन अवतार ,मत्स्य अवतार और राम जन्म उत्सव के कथा प्रसंगो को श्रोताओं को सुनाया। व्यास जी महाराज ने बताया जिन मनुष्य ने जिंदगी में दुखों की ठोकर खाली होती है वह फिर दुखों से नहीं घबराते हैं सुख और दुख तो जीवन की पहलू है जो आते हैं और चले जाते हैं ।रोटियां बनाने के भाव अनेक प्रकार के होते हैं पहले मां की हाथ की रोटी जिसमें ममता और वात्सल्य होता है पेट भी भरता है पर मन नहीं भरता।

दूसरी रोटी पत्नी की होती है जिसमें, अपनापन और समर्पण भाव होता है जिससे पेट और मन दोनों भर जाते हैं तीसरी रोटी बहू के हाथों की होती है जिसमें सिर्फ कर्तव्य का भाव होता है कुछ कुछ स्वाद भी और पेट भी भर देती है बहू वृद्धाश्रम की परेशानियों से बचाती है बाकी अन्य लोगो की रोटी के भाव अलग होते है जिससे ना तो पेट भरता है ना ही मन भरता है। केवल शरीर की आवश्यकता के अनुसार भोजन किया जाता है आज के समय में सास और बहू को मां और बेटी की तरह रहना चाहिए परिवार में सभी को एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए क्योंकि सभी एक दूसरे के पूरक होते हैं बच्चों को मोबाइल में समय व्यतीत नहीं करने देना चाहिए ना ही खुद को मोबाइल के वसीभूत होना चाहिए आज के दौर में कोई भी किसी के लिए समय नहीं निकलता है यह जिंदगी छोटी है हमें आपस में मिलना चाहिए बातें करनी चाहिए एक दूसरे के सुख दुख को शेयर करना चाहिए। जिंदगी में कुछ व्यक्ति ऐसे होने चाहिए जिनके कंधों पर हम रो सके क्योंकि रोने से हमारी मन की पीड़ा बाहर निकल जाती है। उल्लेखनीय की श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन पटेल नगर निवासी सन्नी सेठी पुत्र मोहन सेठी के द्वारा करवाया जा रहा है।

'निराशाजनक एवं लॉलीपॉप वाला है बजट'

अलवर । राजस्थान विधानसभा में पेश किए गए बजट को कांठोस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने अदूरदर्शी, निराशाजनक एवं लॉलीपॉप बजट बताया है।

कांठोस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश एवं अलवर जिले की जनता के साथ ने छलावा किया है। इस बजट से युवाओं, किसानो, महिलाओं, मजदूर, उद्यिमयों एवं वंचित वर्गों को निराशा हाथ लगी है। बजट में नगर विकास न्यास, अलवर को प्राधिकरण का दर्जा नहीं मिला, अलवर को संभाग का दर्जा नहीं मिला, अलवर में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज नहीं खुला, पेयजल व्यवस्था के ठोस निस्तारण का कोई रोड मैप नहीं बना, किसानों की फसल की एमएसपी की दरे तय नही गई है, ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं किया गया, डीजल पेट्रोल पर वेट कम नहीं किया। इस पर्ची सरकार से प्रदेश की जनता अपने आपको ठगा सा महसूस कर रही है।

बजट में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की

फुलेरा । राजस्थान की उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दीया कुमारी ने बुधवार को विधानसभा में वर्ष 2025-26 का बजट प्रस्तुत किया है। जिसमें करीब सभी को शामिल किया है। उक्त बजट को लेकर कस्बे के समाजसेवी एवं सीए अर्पित मुद्गल ने कहा कि राज्य सरकार ने बजट में राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ की गई है। जिसमें मुख्यत: सुरक्षा, रोजगार, बुनियादी ढाँचे और सामाजिक कल्याण पर विशेष ध्यान दिया है।

वहीं आगे बताया कि बजट में स्मार्ट पुलिसिंग और नागरिक सुरक्षा अधिनियम में साइबर अपराधों पर नियंत्रण पाने के लिए सरकार ने स्मार्ट पुलिसिंग को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है। इसके तहत पुलिस विभाग में 3,500 नये पद सृजित किए जाएंगे। साथ ही सरदार पटेल सेन्टर फॉर साइबर कंट्रोल एण्ड वॉर रूम की स्थापना के लिए 350 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

- बजट में मुख्यतः सुरक्षा, रोजगार, बुनियादी ढाँचे और सामाजिक कल्याण पर विशेष ध्यान दिया है

नागरिक सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए राजस्थान नागरिक सुरक्षा अधिनियम लाने की घोषणा भी की गई है। नशा मुक्ति केन्द्र और जागरूकता अभियान के तहत युवाओं को नशे की लत से दूर रखने के उद्देश्य से नई किरण-नशा मुक्त भारत अभियान के तहत प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में नशा मुक्ति केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। इसके माध्यम से छात्रों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी। इस बजट के माध्यम से राजस्थान सरकार ने राज्य के समठा विकास, सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढाँचे में सुधार के लिए ठोस कदम उठाए है।

'बजट हर प्रदेशवासी के विकास को समर्पित'

अलवर। राजस्थान सरकार द्वारा आज पेश किया बजट हर प्रदेशवासी के सर्वांगीण विकास और समठा उन्नित को समर्पित है। इस जनहितकारी एवं लोक कल्याणकारी बजट के लिए मैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, वित्त मंत्री दिया कुमारी जी एवं उनकी कर्मठ टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूँ। आस्था, अंत्योदय, सबका साथ, सबका विकास और अर्थव्यवस्था को सुदृढ बनाने पर केंद्रित यह बजट पर केंद्रित यह बजट न केवल प्रदेश की आर्थिक समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगा, बल्कि जन-जन के जीवन में खुशहाली का नया अध्याय भी जोडेगा। सड़क से लेकर बिजली तक, पर्यटन से लेकर पेय जल तक, रोजग़ार से लेकर महिला सशक्तिकरण तक, अलवर के लिए यह बजट ढेरों सौगातें लेकर आया है। बजट में अलवर के रूसीरानी गांव को टूरिज्म हब बनाने की बात है, बजट में अलवर में डिजिटल प्लेनेटेरियम की घोषणा भी हुई है। अलवर-भिवाड़ी के शहरी क्षेत्रों को 900 करोड़ क्लीन एंड ठीन इको सिटी विकसित करने की घोषणा की है। अलवर में डिजिटल प्लेनेटेरियम की स्थापना की जाएगी। इन घोषणाओं से यह बजट अलवर के विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।

विरासत को समर्पित बजट है : बजट के अंदर महिला युवा किसान सहित समाज के सभी वर्गों का संपूर्ण ध्यान रखा गया है पंडित दीनदयाल उपाध्याय शहरी विकास योजना, 5000 से अधिक आबादी वाले ठामीण क़स्बो में अटल प्रगति पथ, ओपन जिम व खेल मैदान पर्यटन विकास हेतु 975 करोड रुपए स्वीकृत, 125000 सरकारी क्षेत्र में भर्ती, 500 करोड रुपए का विवेकानंद रोजगार सहायता कोष, मंदिरों में भोग की राशि 3000 व पुजारी को 7000 रूपये, राम जल सेतु लिंक परियोजना को वृद्धि रूप देते हुए 9300 करोड रुपए के विकास कार्य 2030 तक प्रदेश को 350 बिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाना,250 करोड की हरित अरावली विकास परियोजना सहित सैकडो घोषणाएं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विकसित व सुदृढ राजस्थान के सपने को साकार करती हैं लक्ष्मीनारायण गुप्ता ने कहा कि अलवर बजट के अंदर वर्गों व क्षेत्र का संपूर्ण ध्यान रखा गया है।

'अपात्र परिवार 28 फरवरी तक हटवाएं'

कोटपूतली-बहरोड । खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से खाद्य सुरक्षा योजना में सम्मिलित अपात्र श्रेणी के परिवारों को स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा से नाम हटवाने के लिए 28 फरवरी तक गिव-अप अभियान संचालित किया जा रहा है। जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा ने बताया की इस अभियान के तहत निष्कासित श्रेणी के परिवार जिला रसद अधिकारी कार्यालय/एस.डी.ओ. कार्यालय या उचित मूल्य दुकान से फॉर्म लेकर अपना नाम खाद्य सुरक्षा से हटवा सकते है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा ब्लॉक स्तर पर उचित मूल्य दुकानदारों की मीटिंग ली जाकर इस अभियान का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश प्रदान किये जा रहे है ।

उन्होंने बताया की अब तक विराटनगर, पावटा, बानसूर, एवं नारायणपुर उपखण्ड में उचित मूल्य दुकानदारों की मीटिंग लेकर गिव अप अभियान में अपात्रों को जागरूक कर स्वेच्छा से राष्ट्रिहत में अपना नाम एनएफएसए सूची से हटाने का आव्हान किया गया है। सभी डीलर्स को भी राज्य सरकार एवं जिला कलक्टर कोटपूतली-बहरोड के गिय अप अभियान का व्यापक प्रचार-प्रचार करने के निर्देश दिये गये है। इस अभियान के तहत अब तक जिले में 1187 राशन कार्ड एवं 3000 यूनिट हटाये जा चुके है। गिव-अप अभियान में निष्कासित श्रेणी के जिन परिवारों द्वारा खाद्य सुरक्षा से नाम नहीं हटाया जायेगा, उनसे 27 रूपये प्रति किठा गेंहू की दर से वसूली एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के प्रावधानों के अनुरूप विधिक कार्यवाही अमल में ली जाएगी। जिला रसद अधिकारी द्वारा अब तक खाद्य सुरक्षा योजना में सम्मिलित निष्कासित श्रेणी के 60 परिवारों को नोटिस जारी किये जा चुके है।

- अब तक निष्कासित श्रेणी के 60 परिवारों को नोटिस जारी

यह है अपात्र : विभाग द्वारा खाद्य सुरक्षा से नाम हटवाने की गाइडलाईन जारी की गई है, जिसके अनुसार ऐसे परिवार जिसमें कोई आयकर दाता हो, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो, परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रेक्टर आदि जीवीकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोडकर) और सरकारी/अर्द्ध सरकारी / स्वायत संस्थाओं में कार्यरत कार्मिक अपात्र है । जिला रसद अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 406 उचित मूल्य दुकानें हैं, जिनमें 58 शहरी क्षेत्र और 348 ठामीण क्षेत्र में स्थित हैं। अब तक जिले की 401 दुकानों पर "गिव अप अभियान" के बैनर लगाए जा चुके हैं और 406 दुकानों पर अभियान के तहत प्रार्थना पत्र रखवाए गए हैं। इसके अलावा, 3 दिसंबर 2024 से 19 फरवरी 2025 तक, इस अभियान के तहत 750 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसके आधार पर 750 राशन कार्ड धारक और 3 हजार स्वेच्छा से इस योजना से बाहर हुए है।

क्रशर उद्योग के लिये फर्जीवाड़ा कर भूमि रूपांतरण कराने का आरोप

कोटपूतली। निकटवर्ती ग्राम शुक्लावास कि नदी में पॉवर हाऊस के सामने तन पवाना (अहीर) में क्रशर उधोग के लिये फर्जीवाड़ा कर भूमि रूपांतरण कराये जाने का मामला सामने आया है। इसको लेकर ग्रामीणों ने सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास के नेतृत्व में उपखण्ड कार्यालय पहुंचकर एसडीएम बृजेश कुमार चौधरी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि रामजीलाल पुत्र श्योलाल अहीर निवासी ढ्राणी भोमसिंह वाली, महरमपुर राजपूत की जमीन तन पवाना (अहीर) के खसरा नंबर 226/2, 225/1, 227 व 238 कुल रकबा 01 हैक्टर है तथा रामकरण पुत्र श्योलाल अहीर निवासी ढ्राणी भोमसिंह वाली, महरमपुर राजपूत की जमीन तन पवाना (अहीर) के खसरा नंबर 226, 225,238/2,व 227/2 में से कुल रकबा 01 हैक्टर तथा हनुमान पुत्र श्योलाल अहीर निवासी ढ्राणी भोमसिंह वाली, महरमपुर राजपूत की जमीन तन पवाना (अहीर) के खसरा नंबर 226/1, 227/1 225/2 238/1 कुल रकबा 01 हैक्टर है। इस प्रकार उक्त तीनों सगे भाईयों ने करीब 03 हैक्टर भूमि क्रेशर उधोग के लिये भू-रुपांतरण कराया तथा तीनों ने ही जमीन में पहुंच का रास्ता नदी की चारागाह भूमि बहाव क्षेत्र से हल्का पटवारी व तहसीलदार की मिलीभगत से ओन पेपर गैर मुमकिन रास्ता शुक्लावास के खसरा नंबर 894 चारागाह में से होना बताया। राधेश्याम शुक्लावास ने बताया कि अब उक्त भूमि में क्रशर उधोग स्थापित किया जा रहा है। जहां मन्दिर भूमि से रास्ता निकाला जा रहा है। इनके पास पहुंच का रास्ता चारागाह से होना बताया है तो फिर मन्दिर से रास्ते कीजरूरत कैसे हुई। उक्त सभी फर्जीवाड़े की जांच कराई जावे तथा अवैध भूमि रुपांतरण को खारिज किया जायें। एसडीएम ने जांच करवाने व दोषियों के खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान ख्यालीराम यादव, सुरेश यादव, कृष्ण गुर्जर, कैलाश चंद, सतपाल यादव सहित पवाना अहीर व शुक्लावास के अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

उपखण्ड कार्यालय पहुंचकर एसडीएम बृजेश कुमार चौधरी को ज्ञापन सौंपा।

- ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन
- एसडीएम ने दिये जाँच के आदेश

'तिहासिक बजट'

चौमू / कालाडेरा । राजस्थान की वित्त मंत्री दीया कुमारी ने भजनलाल सरकार दूसरा पूर्ण बजट पेश किया। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट में किसान, युवा सहित सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। बजट में घोषणा अनुसार 150 यूनिट फ्री बिजली, मुफ्त बिजली के लाभार्थी परिवारों के घरों पर सोलर प्लेट लगाये जाने तथा सामुदायिक सोलर प्लांट लगाकर उन्हें लाभ दिया जाएगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में किसानों को अब सालाना 9000 हजार रुपए दिए जाएंगे। युवाओं के लिए 125000 लाख की नई भर्ती निकाली जाएगी। प्राइवेट सेक्टर में भी डेढ़ लाख नौकरिया दिलवाई जाएगी। बजट में चौमू विधानसभा में 22.55 करोड़ की सड़के, हस्तेडा को पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत, खेडापति बालाजी मंदिर विकास, टाटियावास में नवीन पुलिस चौकी आदि सहित अन्य कार्य स्वीकृत किए गए है। 5 लाख नए घरेलू बिजली कनेक्शन और 5 हजार नए कृषि कनेक्शन की घोषणा की ।

नाम परिवर्तन

मैने मेरा नाम नारायण दास गुनानी (NARAIN DASS GUNANI) से बदल कर नारायन दास (NARAIN DASS) पुत्र स्व. श्री गेही मल रख लिया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाये। नारायन दास निवासी डी 1604 जय विलाज सन सिटी टाउन शिप सीकर रोड़ जयपुर-302013

मैं, नं.जेसी706104के, सुबेदार प्रसन्ना प्रकाश निवासी एम.एच. जयपुर, सी/ओ 56 एपीओ ने कार्यपालक मजिस्ट्रेट, जयपुर के समक्ष दिनांक 18.02.2025 को दिए गए हलफनामे के अनुसार अपनी मां का नाम सरिता से बदलकर सरिता झा और जन्मतिथि 05.01.1960 कर लिया है।

में हर्षिता मुलचंदानी अपनी पुत्री (Kushboo Menghani) खुशबू मेंघानी पुत्री गिरीश मेघानी से बदलकर (Khushboo Menghani) खुशबू मेंघानी पुत्री हर्षिता मुलचंदानी, पता 9/227, मालवीय नगर, जयपुर कर लिया है। भविष्य में खुशबू मेघानी पुत्री हर्षिता मुलचंदानी से जाना पहचाना जाए।

I army no1292002H Ex NK bhagirath singh S/O bhur singh R/O village post kolva teh.bandikui district dausa that have changed my wife name from VIMALA DEVI is wrong entered in service record To VIMLA DEVI (DOB 1/1/1950) vide affidavit dated 17 feb 2025 before district notary Jaipur

सूचना

मेरे पति की PNB Metlife मे पॉलिसी है जिसका पॉलिसी नम्बर 21144893 है और एप्लीकेशन नम्बर 202652469 है। इस पॉलिसी मे मेरे पति का नाम BARDI MEENA है और पहचान BADRI है। और आधार कार्ड मे BARDRI PRASAD है। जिनमे जन्मतिथ क्रमशः 01/01/1965 व 01/01/1955 एवं 01/01/1948 जबकि मृत्यु प्रमाण पत्र में BADRI PRASAD MEENA है। जोकि तीनों नाम एवं जन्मतिथि एक ही व्यक्ति है। उपरोक्त पॉलिसी मे मैं नॉमिनी हूं। जिसमे मेरा नाम KAMLI DEVI है। जबकि दस्तावेजो मे मेरा नाम BACHCHI DEVI है। जिसमें जन्मतिथि क्रमशः 01/01/1968 एवं 01/01/1963 है। इन दोनो नाम और जन्मतिथि एक ही व्यक्ति के है। इनको आधार मानकर हमारा क्लेम प्रोसेस किया जाएं।
DEPONENT

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-6559 दिनांक-18/02/2025
जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 34/CS-3/21 (एरिया 4,000 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री कपिल मोतियानी पुत्र श्री हरीश कुमार मोतियानी एवं श्रीमती रजनी मोतियानी पत्नी श्री हरीश कुमार मोतियानी को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 583 दिनांक 18.04.2013 को जारी किया गया। श्री कपिल मोतियानी एवं श्रीमती रजनी मोतियानी के पक्ष में उक्त व्यावसायिक भूखण्ड के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 27.06.2013 को उप पंजीयक सांगानेर प्रथम, जयपुर के यहाँ पंजीकृत करवाये गये। श्री कपिल मोतियानी एवं श्रीमती रजनी मोतियानी द्वारा उक्त व्यावसायिक भूखण्ड को दिनांक 24.05.2018 के द्वारा 1. श्रीमती करिश्मा मोटवानी पुत्री श्री रवि कुमार मोटवानी पत्नी श्री रवि तेजवानी 2. श्री रवि तेजवानी पुत्र श्री महेश कुमार को विक्रय कर उप पंजीयक जयपुर-नवम् के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। 1. श्रीमती करिश्मा मोटवानी 2. श्री रवि तेजवानी द्वारा उक्त व्यावसायिक भूखण्ड को दिनांक 21.10.2024 के द्वारा श्री विनोद चौधरी पुत्र श्री जय नारायण चौधरी को विक्रय कर उप पंजीयक सांगानेर प्रथम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। अतः उक्त व्यावसायिक भूखण्ड के हस्तान्तरण बावत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री विनोद चौधरी पुत्र श्री जय नारायण चौधरी का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

खोया पाया

I, Abid Ali son of Firoz Khan, hereby inform that i have lost my 10th & 12th class marksheet & passing certificate in Banipark area. If anyone finds it, please return to following address: D-135/C, Kailash marg, Durga marg ,Banipark, Jaipur.

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-5988 दिनांक-07/01/2025
जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 34/13 (एरिया 27.90 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्रीमती रजनी मोतियानी पत्नी श्री हरीश कुमार मोतियानी को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 8087 दिनांक